# राघव प्रयाग घाट-चित्रकूट में अन्तरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव प्रारंभ

## श्रीराम कथा के विभिन्न प्रसंगों का मंचन 30 को होगा

नवभारत न्यूज

**सतना 27 सितंबर. भारतीय संस्कृति में लीला केवल धार्मिक या पौराणिक कथा का मंचन नहीं, बल्कि लोकमानस का जीवंत उत्सव है।**

इसी प्रयास के साथ मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् नई दिल्ली एवं जिला प्रशासन सतना के सहयोग से 24 से 30 सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से ''अन्तर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव'' का आयोजन श्रीराघव प्रयाग घाट, चित्रकूट में आयोजन किया गया है। इस सात दिवसीय प्रतिष्ठित आयोजन में सभी सादर आमंत्रित हैं। प्रवेश नि:शुल्क है।

प्रथम प्रस्तुति इंडोनेशिया के कलाकारों ने नृत्यकृनाट्य रूप में प्रस्तुत की लीला इस प्रस्तुति का शीर्षक सीता की खोज था, जिसका निर्देशन प्रो.देवी यूलियांति ने किया। 40 मिनट की इस रामलीला के बारे में प्रो.यूलियांति ने बताया कि रामायण भारत से धर्म और संस्कृति के साथ इंडोनेशिया पहुँची। इसका प्रमाण 'ककविन रामायण' नामक ग्रंथ से मिलता है, जो प्राचीन जावा भाषा में मध्य जावा स्थित मेदांग साम्राज्य (732-1006 ई.) के समय लिखा गया। इसके अतिरिक्त बाली का रामकवच भी इसका साक्ष्य है। बाद के काल में, इस कथा को पर्यटन को ध्यान में रखकर 1961 में जी.पी.एच. जति कुसुमो ने सेंद्रातारी रामायण (रामायण नृत्य-नाट्य) के रूप में प्रस्तुत किया। यह लीला नृत्यनाटिका के रूप में प्रस्तुत की गई। इस प्रस्तुति में इंडोनेशिया की संस्कृति और कला भी सौंदर्य स्वरूप में दर्शकों को देखने मिली। सीता जी के अपहरण से विचलित हुए श्रीराम सीता की खोज लीला में दिखाया गया कि रावण द्वारा सीता जी का अपहरण कर लिया



जाता है। इस बात से श्रीराम विचलित हो जाते हैं। यहीं से सीता की खोज का क्रम प्रारंभ हो जाता है। लीला में सर्वप्रथम जटायु, रावण युद्ध दिखाया गया। इसके बाद श्रीराम, लक्ष्मण, जटायु संवाद दिखाया गया, जिसमें जटायु ने श्रीराम के साथ अपने पुराने संबंधों के बारे में बताया। इसके बाद रामलीला में हनुमान जी का प्रवेश, वानर सेना की तैयारी और लंका कूच प्रसंगों को दिखाया गया। यह लीला 40 मिनट की थी. द्वितीय प्रस्तुति सांस्कृतिक कला संगम नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा लीला प्रस्तुति दी गई। श्री राम विवाह की कथा के अनुसार राजा जनक अपनी पुत्री सीता का विवाह भगवान राम से करवाने के लिए शिव धनुष को तोड़ने की शर्त रखते हैं।

ऋषि विश्वामित्र के कहने पर भगवान राम स्वयंवर में जाते हैं और शिव धनुष को तोड़ते हैं और माता सीता स्वयंवर प्रसंग होता है। इसके बाद बताया कि श्रीराम के चैदह वर्ष के वनवास का कारण रानी कैकेयी का हठ था, जिसने राजा दशरथ से दो वरदान मांगकर श्रीराम को वनवास और अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजतिलक दिलाने की बात कही। प्रभु श्री राम, सीता और लक्ष्मण वनवास के लिए गंगा पार कर रहे होते हैं, तब केवट अपनी नाव में बिठाने से पहले राम के चरण धोना चाहता है। वह राम के चरणों की धूल के प्रभाव को जानता है, जो पत्थर को नारी बना सकती है, इसलिए वह डरता है कि लकड़ी की नाव भी स्त्री बनकर उड़ जाएगी. केवट की भक्ति और विनम्रता को देखकर, प्रभु राम उसकी इच्छा पूरी करते हैं, उसके श्रम को सम्मान देते हैं, और उसे दिव्य भक्ति का वरदान देकर उसकी समस्त इच्छाओं को पूर्ण करते हैं यह सब देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।

### आज वियतनाम की रामलीला

28 सितम्बर को शबरी प्रसंग, हनुमान मिलन, बालि वध, लंका दहन, विभीषण शरणागत, लक्ष्मण मूर्छा, रावण-अंगद संवाद, कुंभकरण वध, 29 सितम्बर को विदेशी लीला-मलेशिया मेघनाद वध, श्रीराम-लक्ष्मण हरण तथा 30 सितम्बर को हनुमान का पाताललोक मे प्रवेश, मकरध्वज संवाद, अहिरावण वध, रावण का उपदेश, श्रीराम-रावण युद्ध, रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक की प्रस्तुतियां दी जायेगी।

# भारी क्षमता के वाहनों के संचालन में लगी रोक

## कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किए आदेश

नवभारत न्यूज

**सतना 27 सितंबर, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं मध्यप्रदेश मोटर यान अधिनियम 1994 के नियम 215 के अंतर्गत रामपुर बघेलान से लालपुर-अमरपाटन रोड बाया-शिवपुरवा रोड में भारी क्षमता के वाहनों के संचालन में रोक लगाये जाने के संबंध में आदेश जारी किये है।**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार रामपुर बघेलान से लालपुर-अमरपाटन रोड बाया शिवपुरवा रोड में भारी क्षमता के वाहनों ट्रकों, खुले



डम्फरों, लोडिंग वाहनों सहित भारी क्षमता वाले वाहनों के संचालन, प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। अमरपाटन की ओर से आने-जाने वाले समस्त भारी वाहन बेला होकर रामपुर बघेलान आयेंगे एवं अमरपाटन से सतना होकर भी रामपुर बघेलान आना-जाना कर सकेंगे। जो वाहन शासकीय कार्य में जैसे गेहूं, धान एवं रासायनिक उर्वरक इत्यादि का यातायात, पीडीएस सिस्टम, दुग्ध वाहन, कृषि कार्य में उपयोग होने वाले टैक्ट्रर-ट्रालियों एवं अन्य शासकीय विभागों के कार्य से जुडे है उन वाहनों को आदेश में छूट रहेगी। विशेष परिस्थितियों में अत्यंत आवश्यक होने पर सक्षम अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी रामपुर बघेलान से लिखित अनुमति लेकर वाहन सीमित समय के लिए प्रवेश कर सकेंगे।

# बदखर में ठगी के दो आरोपी पुलिस ने पकड़े

## कोलगवां पुलिस ने की कार्यवाही, धोखाधड़ी का मामला कराया था दर्ज

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 सितम्बर. कोलगवां पुलिस ने दो आरोपियों को बदखर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है जिन पर मोबाइल के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे वसूलने का मामला दर्ज कराया गया है.**

मिली जानकारी के अनुसार 26 सितम्बर को फरियादी रामसुन्दर तिवारी पिता राजेश प्रसाद तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सेमरी थाना कोटर जिला सतना हाल बदखर बाल गोपाल सोनी के किराये का मकान मौर्या स्कूल के बगल में वार्ड क्र. 12



थाना कोलगवां में रिपोर्ट लेख कराया कि गहरवार पेट्रोल पम्प के सामने बदखर दोपहर में आया था जहां पर सूरज पाण्डेय मिल गये तो मै उनसे बात करने लगा तभी दो व्यक्ति अलग अलग मोटरसायकल स्पेलेंडर प्लस से आये और उसमे से एक व्यक्ति मुझसे बोला कि वन प्लस कंपनी का मोबाईल है ले लीजिये मेरे पास घर जाने के लिये पैसे नही है। जिससे मै मोबाईल बेच रहा हूं तब मै अच्छा मोबाईल समझ करके 5 हजार रुपये में उन लोगो से ले लिया। शाम को मै मोबाईल अपने साथियो को दिखाया तब साथी कृष्ण कुमार गौतम ने बताया कि यह नकली मोबाईल तुमको बेवकूफ बना कर चला गया तब मै अपने साथी गोलू पाण्डेय के साथ उन दोनो व्यक्तियो की तलाश बिरला रोड तरफ कर रहा था तभी वही दोनो लोग जो मुझे मोबाईल दिये थे बिरला रोड मे एफसीआई गोदाम के पास रात मे 10 बजे मिले जिनसे मै बोला कि तुम लोग मुझे बेवकूफ बनाकर नकली मोबाईल दे दिये और उनका नाम पता पूछा तो अपना नाम देवा जादव पिता ताराचंद जादव निवासी बोरगांव थाना बोरगांव तहसील पंधाना जिला खण्डवा एवं रोशन जाधव पिता हीरालाल जाधव निवासी विचावे थाना कुर्ला जिला जलगांव महाराष्ट्र के बताये। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध धारा 318(4),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना के पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए मोबाईल एवं 5000/- नगदी तथा मोटर सायकल जप्त कर दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# मृतक संत कुशवाहा की पत्नी को नौकरी देंगे : ताम्रकार

## तीस हजार आर्थिक सहायता के लिए किया शासन स्तर पर प्रयत्न

नवभारत न्यूज

**सतना,27 सितम्बर. सीवर लाइन कार्य के दौरान ग्राम पडुहार निवासी स्व. संत कुमार कुशवाहा की दुखद मृत्यु पर इस घटना के बाद महापौर योगेश ताम्रकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए शासन स्तर पर प्रयास किए हैं, जिससे मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई।**



महापौर ने भरोसा दिया कि सरकार के नियमानुसार और अधिक राशि दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी, उल्लेखनीय है कि 30 लाख रुपए आर्थिक सहायता का प्रावधान हैं। उन्होंने कहा मैं इस घटना से व्यक्तिगत रूप से बेहद दुःखी हूं।

आज नगर निगम के वरिष्ठ पार्षदों और समाज वरिष्ठ जनों के साथ हुई बैठक में महापौर श्री ताम्रकार ने निर्णय लिया कि मृतक मजदूर की पत्नी को नौकरी दिलाने का प्रयत्न किया जाएगा, ताकि परिवार के भरण-पोषण में कोई कठिनाई न हो। बैठक में पुष्पराज कुशवाहा, गंगा कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा एवं अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत संगोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन

**सतना 27 सितंबर.** राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में सेवा पखवाडा अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विकसित भारत के विषय पर संगोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य श्रीमती कमला अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# श्री बिहारी रामलीला का मध्यप्रदेश में अलग महत्व : प्रतिमा

- 2 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट के पीछे होगा विजयादशमी का मुख्य कार्यक्रम*

नवभारत न्यूज

**सतना,27 सितम्बर. मध्यप्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि श्री बिहारी रामलीला समाज द्वारा प्रस्तुत रामलीला अत्यंत ही मनोहारी और आकर्षक है।**

इसकी विशेषता यह है कि यहां मंचन करने वाले सभी कलाकार स्थानीय हैं और अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा से



दर्शकों को भावविभोर करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मध्यप्रदेश में इस रामलीला का अपना एक अलग महत्व है। मंत्री बागरी ने जानकारी दी कि जिले की मुख्य रामलीला श्री बिहारी रामलीला समाज द्वारा आयोजित की जाती है। इसी क्रम में भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध का भव्य मंचन तथा विजयादशमी का मुख्य कार्यक्रम आगामी 2 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट के पीछे मैदान में आयोजित होगा। रामलीला समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रावण दहन का ऐतिहासिक दृश्य देखने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।



# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत एकेएस विश्वविद्यालय में हेल्थ जागरुकता कैंप

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 सितम्बर। मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत जिला कलेक्टर सतना के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक पूरे प्रदेश में स्वस्थ नारीङ्कसशक्त परिवार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना में एक हेल्थ जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. महेंद्र तिवारी, वीमेन डेवलपमेंट केंद्र की हेड प्रियंका बागरी, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मधु गुप्ता तथा फार्मेसी विभाग के डायरेक्टर डॉ. सूर्य प्रकाश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस हेल्थ कैंप के अंतर्गत नेत्र जांच, दंत परामर्श एवं पोषण आहार संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच की महत्ता पर मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 500 से अधिक विद्यार्थी एवं फैकल्टी सदस्य शामिल हुए और उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ कर परिवार और समाज को सशक्त बनाना था।यह पहल प्रदेश सरकार द्वारा संचालित व्यापक अभियान का हिस्सा है.



# रंग साधक ने नाटक प्रेम की वेदी का सफल मंचन किया

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 सितम्बर. रंग साधक सोशल कल्चर एंड आर्ट फाउंडेशन, सतना के तत्वावधान के अंतर्गत नाटक प्रेम की वेदी लेखक मुंशी प्रेमचंद की तीन दिवसीय नाट्य प्रस्तुति का पहला मंचन सेठ आनंदराम जयपुरिया विद्यालय भरहुत नगर मे दिनांक 26 सितंबर के दिन हुआ।**

नाटक के निर्देशक अनुराग श्रीवास्तव एवं सह निर्देशिका अनामिका सिंह ने बताया कि शहर के सुधी दर्शकों ने दिन शुक्रवार वर्किंग डे होने के बावजूद नाटक के पहले शो को हाउसफुल बनाया। रंग साधक संस्था की नवीन नाट्य प्रस्तुति परफोर्मेंस की सकारात्मक ऊर्जा एवं नए प्रयोगों के सामंजस्य को स्थापित करके हुए इसे 360ए डिग्री स्टेज फॉर्मेट पर खेलने का प्रबंध किया है। इस नाटक की कथावस्तु प्रेम पर आधारित है। प्रेम जीवन में कई बार विडंबनाओं, महत्वकांक्षाओं के साथ त्याग का भाव एक साथ भर लाता है। दर्शकों ने नाटक की कहानी तथा कलाकारों के काम हौसलाअफजाई करते हुए पुन: इस नाटक देखने की बात कही। चूंकि नाटक की तीन दिवसीय प्रस्तुति के अंतर्गत प्रतिदिन इसके दो प्रदर्शन होने हैं। शनिवार एवं रविवार के दिन शाम 04 बजे एवं शाम साढ़े 06 बजे से इसकी दो प्रस्तुतियां होनी बाकी है। इस नाटक के प्रमुख किरदारों को शहर के मंझे हुए कलाकारों ने निर्देशक अनुराग श्रीवास्तव के सहज निर्देशन में जीवंत किया है।

# दुर्लभ प्रजाति के घायल उल्लू का रेस्क्यू

**सतना, 27 सितंबर.** सतना सिटी कोतवाली से प्राप्त सूचना पर दुर्लभ प्रजाति के घायल उल्लू का रेस्क्यू कराकर मुकुंदपुर जू सेंटर बेहतर उपचार के लिए भेजा गया. जब घायल उल्लू की सूचना सिटी कोतवाली के उड़नदस्ता प्रभारी नरेंद्र पयासी को मिली तो उन्होंने अपने मातहत स्टाफ मुकेश पांडे,बृजेश मिश्रा, वाहन चालक संजय प्रदीप प्रजापति को अपने कब्जे मे लेकर,सम्पर्क करने को कहा गया जिनके द्वारा बताया गया कि उल्लू उड़ नहीं पाता तो तत्काल वन मंडल अधिकारी के निर्देश प्राप्त कर जू सेन्टर बेहतर उपचार के लिए भेजने हेतु निर्देशित किया गया.

# जेल बंदियों के दस्तावेजों का किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 सितम्बर. केन्द्रीय जेल सतना में प्रवीण कुमार सोंधिया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सतना के आतिथ्य एवं श्रीमती लीना कोष्टा जेल अधीक्षक के समन्वयन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

प्रवीण कुमार सोंधिया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सतना द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से बंदियों के विधिक अधिकारों, प्ली-बार्गेनिंग, मूल अधिकारों, जमानत, अपील व



नि:शुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में बंदियों को अवगत कराया गया साथ ही बंदियों की विधिक संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। आज ही पार्थशंकर मिश्रा, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना (म0प्र0) एवं मुहम्मद जिलानी जिला विधिक सहायता अधिकारी सतना द्वारा उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश 8 सितम्बर के पालन में केन्द्रीय जेल सतना में परिरूद्ध दण्डित बंदियों के दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया।

# मेडिकल कॉलेज में समाज में डॉक्टरों की भूमिका पर हुआ व्याख्यान

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 सितम्बर. नए एमबीबीएस छात्रों के आधारशिला पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को चिकित्सकीय मूल्यों से परिचित कराने तथा उन्हें सेवा भावना से प्रेरित करने हेतु एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरानुसार दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर डीन डॉ. एस.पी. गर्ग, वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं आमंत्रित अतिथि मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता के रूप में ख्यातिलब्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं



समाजसेवी पद्मश्री डॉ. बी.के. जैन, निदेशक एवं न्यासी ङ्क सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट, चित्रकूट तथा अध्यक्ष, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान , रायपुर, उपस्थित रहे। उन्होंने समाज में डॉक्टरों की भूमिका विषय पर प्रेरक और विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में डॉ. जैन ने कहा कि चिकित्सक का कर्तव्य केवल रोगों का उपचार करना भर नहीं, बल्कि समाज के प्रति गहरी जिम्मेदारी निभाना भी है। उन्होंने अपने पाँच दशकों से अधिक की सेवा-यात्रा के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे ग्रामीण एवं वंचित समाज के बीच स्वास्थ्य सेवा को सच्चे मानवीय स्वरूप में स्थापित किया जा सकता है।आत्म-अनुशासन चिकित्सक का आचरण समयपालन, ईमानदारी और अनुशासन से परिपूर्ण होना चाहिए, तभी वह रोगियों का विश्वास अर्जित कर पाएगा।आत्म-विश्वास कठिन परिस्थितियों में भी धैर्यपूर्वक निर्णय लेने की क्षमता आत्म-विश्वास से ही विकसित होती है।आत्म-समर्पण जब चिकित्सक व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज व रोगी के कल्याण को अपना ध्येय बनाता है, तभी वह सच्चे अर्थों में 'हीलर' कहलाता है।

## एक नजर में



### मारवाड़ी सेवा सदन में गरबा डांडिया का आयोजन

**सतना।** मारवाड़ी सेवा सदन में पूरे मारवाड़ी समाज का गरबा डांडिया का आयोजन संयुक्त रूप से सेवा संघ महिला मंडल और युवा मंच द्वारा किया गया था ।सभी मेंबर्स खूब सुंदर सुंदर परिधानों में गरबा डांडिया की धुन पर जमकर नृत्य किया ।साथ ही गेम्स और चौपटी का भी आयोजन था ।कार्यक्रम की शुरुआत माँ की पूजा और आरती से की गई ।बेस्ट ड्रेस बेस्ट डांसर बेस्ट जोड़ी आदि कई प्राइज दिये गये ।इस मौक़े पर रामावतार जी चमड़िया पवन चमड़िया संदीप अग्रवाल संदीप चमड़िया पवन कनोडिया महेश चमड़िया अंकुल अग्रवाल सौरभ बंसल आशीष मोहित अध्यक्ष इन्दु अग्रवाल लता केजरीवाल राखी सफ़ारिया सुनीता बंसल मधु रामरायक रेखा गर्ग रेखा अग्रवाल ममता चमड़िया ज्योति चमड़िया अरुणा गोयल दीपा चारू कमलेश ऋचा डॉली चमड़िया उमा प्रीति पूजा पाखी सीमा प्रिंसी नीवी प्रीति श्वेता रेखा पुष्पा इत्यादि मौजूद थे ।

### लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी का वितरण

**सतना।** लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत शनिवार को श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन आलोक त्रिपाठी,पूर्व क्लब प्रेसिडेंट लायन धर्मेंद्र सेन, लायन जितेन्द्र गर्ग,राजेश श्रीवास्तव,अशोक त्रिपाठी,प्रमोद कुमार तिवारी,कमल रंजन त्रिपाठी राजा,मिथलेश पाण्डेय,सुकीर्त त्रिपाठी,सुकीर्त त्रिपाठी,सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं0जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे ।




### खैरूआ सरकार में भंडारे का आयोजन

**सतना।** जिले के नागौद तहसील क्षेत्र में स्थित खैरूआ सरकार में आज हनुमान जी की पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें निशात गुप्ता, आशू गुप्ता, सोनल गुप्ता, गुडिया गुप्ता, मीना गुप्ता, सीमा गुप्ता ,वैष्णो, पियुस, शुजल ,धीरेन्द्र, परी शनवि गुप्ता परिवार ने खिलाया भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं प्रसाद खिलाया।





### चिन्मय के आंगन में उतरी नौ देवियां

**सतना।** चिन्मय विद्यालय में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे भगवान श्रीराम के स्वरूप में एवं बच्चियों ने माँ दुर्गा के नौ रूप में दर्शन दिए। बच्चों ने नौ देवियों के स्वरूप का वर्णन किया तथा श्रीराम जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ब्रह्मचारिणी गार्गी चैतन्य समिति सदस्य श्रीमती आशा नायक अमरनाथ अवस्थी अंशु राय प्रीती नेमा एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।